आइनॉक्स विंड के आईपीओ को 18 गुना अभिदान

मुंबई। एकीकृत पवन ऊर्जा कंपनी आइनॉक्स विंड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आज शेयर बिक्री के अंतिम दिन 18 गुना अभिदान मिला। यह जून, 2013 के बाद सबसे बड़ा आईपीओ है। उस समय जस्ट डायल ने सार्वजनिक निर्गम के जरिये 916 करोड़ रुपए जुटाए थे। नेशनल स्टाक एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार आइनॉक्स विंड के 700 करोड़ रुपए से अधिक के आईपीओ को 43.08 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। यह इश्यू के आकार 2.32 करोड़ शेयरों का 18.57 गुना है। इसके अलावा कंपनी ने मुख्य निवेशकों को 306 करोड़ रुपए के शेयर जारी किए। इस तरह इश्यू का कुल आकार 1,000 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 315 से 325 रुपए प्रति शेयर रखा गया था।